संचय
SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

दिसम्बर-जनवरी 2010 (अंक 196) | December-January 2010 (Issue 196)

श्री जी.पी. गुप्ता, निदेशक, एन.आई.एफ.एम. राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा नागपुर में एन.आई.एफ.एम. के सहयोग से वित्तिय प्रबंधन पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम हेतु आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए। साथ में श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, डा नम्रता अग्रवाल प्रोफेसर एन आय एफ एम एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान के अन्य अधिकारी।

राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने नागपुर में 12-14 जनवरी तक राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एन आय एफ एम) फरीदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर निदेशको/उपनिदेशको के लिये वित्तिय व्यवस्थापन पर वित्तीय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की वित्तीय प्रबंधन तथा अन्य समकालीन वित्तीय संभावनाओं पर विस्तृत समझ देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री जी.पी. गुप्ता, निदेशक, एन.आई.एफ.एम. (अपर सचिव श्रेणी के अधिकारी) द्वारा किया गया। उन्होंने उनके उद्घाटन संबोधन में इस बात पर बल दिया कि उभरती हुई आर्थिक एवं सामाजिक अभिलाषाओं के परिपेक्ष्य में और वित्तीय प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के मौद्रिक एवं वित्तीय क्रियाकलापों को समझने की आवश्यकता है।

श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता है क्योंकि वे अपने दैनंदिन कार्यों में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे मुख्य सचिव, वित्त सचिव, बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और वित्तीय विशेषज्ञों से प्रायः परामर्श करना पडता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यतः विभिन्न विषयों जैसे सरकार के वित्तीय प्रबंधन का पुनरावलोकन, निर्णय प्रक्रिया में सूचना तकनीकी का उपयोग, लोक ऋण प्रबंधन, विभिन्न उत्पाद, वित्तीय संस्थानों के वित्तीय विवरणों का विश्लेषण इत्यादि पर केन्द्रीत था। श्री जी.पी. गुप्ता निदेशक डा. नम्रता अग्रवाल प्रोफेसर आई.टी., डा. संगीता छाबरा, सहायक प्रोफेसर एन.आय.एफ.एम. ने प्रशिक्षण दिया। श्री डी.के. घाटे क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur